हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 18 अप्रैल 2025

तापमान
अधिकतम 42 .6 डिग्री
न्यूनतम 27 .0 डिग्री

11 टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ का धरना जारी



12 पहलवानों ने नेशनल प्रतियोगिता में जीते 9 पदक



## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

**खरखौदा।** रोहणा गांव के शिव मंदिर के पास बाइक सवार की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई। गुरुवार शाम को उक्त हादसा घटित हुआ है। मृतक की पहचान शमशाद 40 वर्ष खतौली निवासी उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर परिजनों को सूचना दे दी है।

### 3.25 लाख रुपये जुर्माना वसूलकर छोड़ा वाहन

**सोनीपत।** खान एवं भू-विज्ञान विभाग, सोनीपत तथा हरियाणा राज्य प्रवर्तन ब्यूरो, मिमारपुर की संयुक्त टीम द्वारा गुरुवार को खनिज ले जा रहे वाहनों की जांच की गई। अवैध खनन के एक मामले में गांव मुरथल में एक वाहन पकड़ा गया था। वाहन के स्वामी ओम सिंह पुत्र जयलाल निवासी बढ़खालसा हैं। अब प्रशासन ने उनसे 3 लाख 25 हजार का जुर्माना वसूल कर ही वाहन को छोड़ा है। यह राशि सरकारी खजाने में जमा कराई है।

### पारितोषिक वितरण समारोह 19 को

**गोहाना।** राजकीय महिला महाविद्यालय, गोहाना का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह 19 अप्रैल को आयोजित होगा। समारोह में शैक्षणिक सत्र 2024-25 की छात्राओं को पुरस्कृत किया जाएगा। महाविद्यालय के प्राचार्य शमशेर सिंह हुड्डा के अनुसार समारोह के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा होंगे। समारोह का शुभारंभ 9 बजे होगा।

### चाकू घोंप जान से मारने की धमकी देने का आरोप

**गन्नौर।** काम कर रहे कम्पेन चालक को व्यक्ति ने चाकू मारकर घायल कर दिया। आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। पुलिस को शिकायत में गढ़ी झंझारा निवासी इंसार ने बताया कि वह अपने भाई मनोबर टेलीफोन एक्सचेंज के पास कम्पेन से काम कर रहे थे। इस दौरान याकूब, सोनू व छोटू वहा आये और उनके साथ गाली-गलौच करने लगे और याकूब ने चाकू से उसके भाई मनोबर पर हमला कर घायल लर दिया। लोगो को आता देखकर आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए।

### बैटरी व प्रोजेक्टर चोरी का आरोपित जेल भेजा

**गोहाना।** थाना सदर गोहाना की पुलिस टीम ने गांव शामड़ी के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय से बैटरी व प्रोजेक्टर चोरी करने की घटना में संलिप्त आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित रोहतक के गांव लाखनमाजरा निवासी गुरमीत है। पुलिस ने आरोपित को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया। 31 दिसम्बर 2024 को विद्यालय के प्राचार्य सतीश चन्द्र ने थाना सदर गोहाना में विद्यालय से बैटरी और प्रोजेक्टर चोरी होने की शिकायत दी थी। वहीं राजकीय प्राथमिक पाठशाला शामड़ी के इंचार्ज राजेश ने भी बताया था कि उक्त विद्यालय से भी चोर गैस सिलेंडर और बर्तनों की पेटी चुरा ले गए। इस मामले में कार्रवाई की गई है।

### 2.23 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीद

**सोनीपत।** सोनीपत की विभिन्न मंडियों में गेहूं की आवक व खरीद जारी है। बुधवार देर सांय तक जिला की विभिन्न 24 मंडियों व खरीद केंद्रों में 2 लाख 23 हजार 911 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हो चुकी है। इस गेहूं को विभिन्न एजेंसियों द्वारा खरीद लिया गया है। जिला की विभिन्न मंडियों में पहुंचे दो लाख 23 हजार 911 मीट्रिक गेहूं में से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 81 हजार 944 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा 91 हजार 431 मीट्रिक टन, हरियाणा वेयर हाउसिंग द्वारा 44 हजार 665 मीट्रिक टन और फूड कार्पोरेशन आफ इंडिया (एफसीआई) द्वारा 5871 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है।

---

बदमाशों की दहशत, लगातार चार वारदात से दहला गोहाना

# पहले श्रमिक को कार से तीन बार कुचलकर मार डाला, फिर तीन किलोमीटर दूर ट्रैक्टर-ट्राली लूटे

- कार सवार बदमाशों ने देर रात क्षेत्र में मचाया तांडव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

बुधवार देर रात को कार सवार बदमाशों ने तीन वारदातों को अंजाम दिया। बदमाशों ने गांव घड़वाल में बस स्टैंड के निकट बीड़ी और माचिस खरीदने आए श्रमिक की कुचलकर हत्या कर दी। उसे कार से तीन बार कुचला गया और फरार हो गए। उसके बाद तीन किलोमीटर दूर गांव कोहला में हथियारों के बल पर किसान से गेहूं से भरी ट्रैक्टर व ट्राली लूटी गई। बदमाश कुछ दूर ट्राली को छोड़ कर ट्रैक्टर को लेकर भाग निकले। रास्ते में एक बाइक सवार को टक्कर मारकर घायल किया और उसके बाद ट्रैक्टर शराब ठेके में जा टकराया। बदमाश ट्रैक्टर को छोड़कर फरार हो गए। बरोदा थाना में श्रमिक के भाई और किसान की शिकायत पर केस दर्ज किए गए।

### शराब के ठेके में मारी सीधी टक्कर



कोहला गांव में सरकारी स्कूल के पास ट्रैक्टर से बाइक को टक्कर मारी, जिस पर सवार गांव कोहल का जोगेंद्र घायल हो गया। यहां से लगभग 200 मीटर दूर नूरनखेड़ा रोड पर ट्रैक्टर से शराब ठेका में सीधी टक्कर मारी गई। ठेके का शटर टूट गया। बदमाश ट्रैक्टर फंसने पर उसे वहीं छोड़ कर भाग गए। साहिल द्वारा सूचना देन पर पुलिस मौके पर पहुंची। उसकी शिकायत पर केस दर्ज किया गया। सीआइए गोहाना की टीम और एफएसएल की टीम ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर जांच की। बदमाशों की पहचान के लिए पुलिस आसपास के क्षेत्र सीसीटीवी की फुटेज खंगाल रही है।

गांव घड़वाल के सुरेश ने पुलिस के बताया कि वह और उसका 32 वर्ष का भाई नरेश मजदूरी करते हैं। बुधवार रात लगभग 11 बजे दोनों ने खाना खाया। उसके बाद नरेश बाइक लेकर गांव में बीड़ी व माचिस खरीदने के लिए गांव के बस स्टैंड की तरफ गया। वह भी कुछ देर बाद रोड की तरफ गया। उसका भाई उससे लगभग 100 मीटर दूर था नरेश बाइक के पास खड़ा था। उसी समय गांव की तरफ से स्विफ्ट कार आई और नरेश को सीधी टक्कर मारी।

### मेरा भाई भागा को सिर पर चढ़ा दी कार



मृतक श्रमिक नरेश का फाइल फोटो

सुरेश ने उसका भाई जमीन पर गिरा तो उसके ऊपर से कार उतार दी गई। वह चिल्लाकर उसकी तरफ भागता हुआ गया तो बदमाशों ने कार को पीछे करके उसके भाई के सिर के ऊपर से उतार दी। कार को आगे करके तीसरी बार उसके भाई के ऊपर चढ़ाया गया। इसके बाद बदमाश फरार हो गए। स्वजन नरेश को गांव खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह राजकीय मेडिकल कालेज के अस्पताल लेकर गए, जहां उसे मृत घोषित कर दिया। नरेश की लगभग पांच साल पहले शादी हुई थी और बच्चा नहीं है। सुरेश की शिकायत पर केस दर्ज किया गया।

### बनवासा मोड़ से ट्रैक्टर लेकर भागे हथियार बंद

दूसरी तरफ बदमाश घड़वाल में वारदात को अंजाम देकर गांव कोहला की तरफ गए। गांव घड़वाल के साहिल ने पुलिस को बताया कि बुधवार रात को वह ट्राली में गेहूं लेकर ट्रैक्टर से जोड़कर अनाज मंडी गोहाना ले जा रहा था। जब वह अपने गांव से लगभग तीन किलोमीटर दूर गांव कोहला में बनवासा मोड़ पर पहुंचा तो पीछे से स्विफ्ट आई, जिसे ट्रैक्टर के आगे अड़ा दिया गया। कार से दो बदमाश हथियार लेकर उतरे। वह डर के चलते ट्रैक्टर-ट्राली के छोडकर कोहला की तरफ भाग गया। बदमाश ट्रैक्टर और ट्राली ले गए। कुछ दूरी पर गेहूं से भरी ट्राली को छोड़ दिया और ट्रैक्टर को लेकर भाग गए।

---

# शॉर्ट सर्किट होने से साढ़े तीन एकड़ गेहूं खाक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

कामी रोड पर वीरवार दोपहर हाईटेंशन लाइन के तारों में शॉर्ट सर्किट होने से साढे.तीन एकड़ गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची दमकल विभाग की दो गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। पीड़ित किसान जयपाल ने सरकार से आर्थिक मदद की गुहार लगाई।कामी रोड पर गांव जाहरी की राजस्व संपदा में जयपाल ने छह एकड़ जमीन पट्टे पर ले रखी है। उन्होंने गेहूं की फसल की बिजाई कर रखी है।

फसल पककर तैयार खड़ी थी। खेतों के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन के तारों के अचानक शॉर्ट सर्किट हो गया। इस दौरान तारों से निकली चिंगारी गिरने से फसल में आग लग गई। उन्होंने आग लगने की सूचना दमकल विभाग को दी। सूचना मिलने के बाद दमकल विभाग की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। तब तक साढ़े तीन एकड़ गेहूं की फसल जल गई। फसल जलने के कारण किसान जयपाल को आर्थिक नुकसान हुआ है। उन्होंने सरकार से जली फसल का मुआवजा देने की मांग की है।

### दो गाड़ियां पहुंची

*कामी रोड पर गेहूं में फसल में आग लगने की सूचना मिलने के बाद विभाग की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची। टीम ने जब तक आग पर काबू पाया तब तक साढे तीन एकड़ फसल जल चुकी थी।*

*-राजीव खत्री, फायरमैन, अग्निशमन विभाग*

---

# पन्नू बाज गैंग ने किया था हमला, दो गिरफ्तार

- गोहाना के आदर्श नगर में मिस्त्री पर बाइक सवार चार युवक फायर कर भागे थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

आदर्श नगर में मिस्त्री पर जानलेवा हमला करने व देवीपुरा में हवाई फायर करने के मामले में पन्नू बाज गैंग के दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी गोहाना के गांधी नगर का रोहित उर्फ छतरी व षड्यंत्रकारी देवीपुरा का प्रिंस है। आरोपियों को शुक्रवार को अदालत में पेश किया जाएगा।आदर्श नगर निवासी अरुण ने बुधवार को सिटी थाना पुलिस को बताया था कि वह एसी व वॉशिंग मशीन की रिपेयरिंग का काम करते हैं। मंगलवार रात साढ़े 10 बजे घर पर खाना खाने लगे तो गोली चलने की आवाज आई थी। बाहर आए तो देखा था कि बाइक पर चार युवक सवार थे और पन्नू बाज ग्रुप का नाम ले रहे थे। उनमें एक युवक देवीपुरा कॉलोनी का चंद्रमोहन था। घर के बाहर दो खोल मिले थे। पुलिस ने बाद में जांच कर मामले में हत्या की कोशिश की धारा जोड़ दी थी। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने हमला करने आरोपी रोहित व षड्यंत्रकारी प्रिंस को गिरफ्तार कर लिया। मामले में पता लगा है कि आरोपियों ने पन्नू बाज गैंग बना रखा है। पुलिस अब पन्नू की तलाश में दबिश दे रही है।देवीपुरा कॉलोनी में इसी गैंग ने किए हवाई फायरदेवीपुरा कॉलोनी निवासी कुलदीप ने भी मंगलवार रात 11 बजे घर के बाहर बाइक पर आए तीन युवकों पर फायर करने का आरोप लगाया था। मामले में एक आरोपी सुमित की पहचान हुई थी। अब गिरफ्तार आरोपियों ने ही देवीपुरा में भी फायर करने की बात कबूल की है।

### सरगना की तलाश

*गोहाना में जानलेवा हमला करने व फायर करने के मामले में आरोपी व षड्यंत्रकारी को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को अदालत में पेश किया जाएगा। मामले में गैंग के सरगना की तलाश की जा रही है।*

*-इंस्पेक्टर अंकित प्रभारी, सीआईए, गोहाना*

### नौकरी के नाम पर 34 लाख ऐंठने का आरोप

**खरखौदा।** गांव फिरोजपुर बांगर के युवक ने नौकरी दिलाने के नाम पर 34 लाख रुपये ऐंठने का आरोप लगाया है। अदालत के आदेश पर खरखौदा थाना में मुकदमा दर्ज किया गया है। गांव फिरोजपुर बांगर निवासी आनंद ने बताया कि वह अपनी पत्नी काजल के लिए नौकरी की तलाश में थे। इसी दौरान गांव के ही रिंकू से उनकी मुलाकात हुई। रिंकू दिल्ली के रोहिणी में रहता है। उसने कहा कि वह कंझावला कोर्ट दिल्ली में नौकरी लगवा सकता है। तीस हजारी कोर्ट दिल्ली और मिनिस्ट्री ऑफ वुमेन एंड चाइल्ड डेवलपमेंट के नियुक्ति पत्र भी दिए, जो बाद में फर्जी मिले। नौकरी के नाम पर उसने 34 लाख ऐंठ लिए।

# पानी के लिए ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



**सोनीपत।** पेयजल की मांग को लेकर प्रदर्शन करते हुए ग्रामीण साथ में जिला पार्षद।

थरिया गांव में पीने के पानी की गंभीर समस्या को लेकर ग्रामीणों ने मंगलवार को प्रदर्शन किया। यह विरोध प्रदर्शन जिला पार्षद संजय बड़वासनिया के नेतृत्व में किया गया। उन्होंने बताया कि गांव में स्थित ट्यूबवेल पिछले एक सप्ताह से खराब पड़ा है, जिसकी कई बार शिकायत प्रशासन और संबंधित अधिकारियों से की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकला है।

संजय बड़वासनिया ने चेतावनी दी कि अगर शुक्रवार तक ट्यूबवेल की मरम्मत नहीं की गई, तो ग्रामीण पब्लिक हेल्थ कार्यालय का घेराव करेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि ढाई साल पहले गांव में जो ट्यूबवेल लगाया गया था, उसका पानी खारा था, इसके बावजूद अधिकारियों ने मिलीभगत कर उसे पास करवा दिया। परिणामस्वरूप, ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल के लिए खेतों से पानी लाना पड़ रहा है, जिससे विशेष रूप से महिलाओं को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। गर्मी के इस मौसम में पानी की किल्लत से लोग त्रस्त हैं और जनजीवन प्रभावित हो रहा है।

---

# अवैध हथियार सहित दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



गिरफ्तार आरोपित पुलिस टीम के साथ।

क्राइम यूनिट वेस्ट ने अवैध हथियार सहित दो आरोपितो को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित पुलकित उर्फ बंटी निवासी साइपुरम कॉलोनी, संदीप निवासी राठधाना का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। मुख्य सिपाही मंदीप की टीम ने गश्त के दौरान खरखौदा सोनीपत रोड पर रोहट के पास मौजूद थी। उसी दौरान एक युवक सांदग्ध हालत में घूमता हुआ मिला। टीम ने आरोपित को काबू कर लिया। उसके पास तलाशी के दौरान अवैध देशी पिस्तौल व एक जिंदा राउंड बरामद हुआ। आरोपित पर केस दर्ज कर लिया है।

# अवैध कॉलोनियां पर चला पीला पंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा



**खरखौदा।** अवैध निर्माण की नींव हटाती जेसीबी।

टाउन प्लानिंग विभाग के एटीपी मनदीप सिंह के नेतृत्व में अवैध कालोनी काटने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई। जो शहर के विभिन्न बाईपास के आसपास करीब 7 कॉलोनी में बुलडोजर चलाया गया। बहुत सी कालोनियां ऐसी हैं, जो सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त नहीं है और उन्होंने प्लॉटिंग की हुई है। ऐसी कॉलोनी में जैसे ही चारदीवारी बनती है तो टाउन प्लानिंग विभाग उस पर कार्यवाही कर गुजरता है। रोहतक बाईपास पर दो-तीन जगह पर टाउन प्लानिंग विभाग की दो जेसीबी ने तोड़फोड़ की। इसके अलावा सांपला बाईपास व सोनीपत दिल्ली बाईपास पर भी अवैध रूप से कालोनियां काटी गई थी, उन्हें नोटिस देकर टाउन प्लानिंग विभाग की टीम ने ध्वस्त कर दिया है। टाऊन प्लानिंग अधिकारियों ने अपील की है कि अवैध कॉलोनी में प्लाट ना खरीदें। उन्होंने कालोनी काटने वालों को भी चेताया है कि वे बाज नहीं आए तो खिलाफ एफआईआर होगी।

# बड़ी थाना में ग्रामीणों के साथ पहुंचे लल्हेड़ी सरपंच

**गन्नौर।** लल्हेड़ी गांव के सरपंच मेहर सिंह व उनके भतीजे पर पंचायत के पंच राजेश पर हमला करवाने का आरोप है। इस मामले में सोमवार को सरपंच मेहर सिंह ग्रामीणों के साथ बड़ी थाना पहुंचे और अपना पक्ष रखा। इस दौरान विभिन्न गांवों के सरपंच भी उनके पक्ष में पहुंचे। सरपंच ने थाना प्रभारी युद्धवीर सिंह के सामने अपना पक्ष रखते हुए आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए खुद को निर्दोष बताया। उन्होंने जांच में सहयोग करने की बात कहते हुए हमलावरों के पता लगा कर उन्हें जल्द गिरफ्तार करने की मांग की।

### अभी कोई गिरफ्तारी नहीं

थाना प्रभारी युद्धवीर सिंह ने बताया कि सरपंच मेहर सिंह व ग्रामीणों से उनका पक्ष जाना है। अभी हमलावरों की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस टीम हमलावरों की पहचान में जुटी है। जल्द ही हमलावरों का पता लगा कर गिरफ्तार किया जाएगा।

---

मेयर ने बूस्टिंग स्टेशनों का किया औचक निरीक्षण

# पानी किल्लत पर कर्मचारियों को फटकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



**सोनीपत।** बूस्टिंग स्टेशन का निरीक्षण करते हुए मेयर राजीव जैन।

तारा नगर, भगतपुरा, चार मरला, आठ मरला सहित कई कॉलोनियों में पिछले दो दिनों से चल रही पेयजल किल्लत की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद नगर निगम के मेयर राजीव जैन ने बुधवार को औचक निरीक्षण किया। उन्होंने पुरानी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित बूस्टिंग स्टेशन का दौरा किया और मौके पर तैनात कर्मचारियों को लापरवाही पर फटकार लगाई। साथ ही चेतावनी दी कि भविष्य में शिकायत मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान मौके पर मौजूद कनिष्ठ अभियंता अमित ने बताया कि बूस्टिंग स्टेशन के इलेक्ट्रिक पैनल में फॉल्ट आने के कारण 220 हॉर्स पावर की मुख्य मोटर बंद हो गई थी। उन्होंने आश्वासन दिया कि अगले दो घंटों में फॉल्ट ठीक कर पानी की आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। मेयर जैन ने सवाल उठाया कि साथ में लगी 125 हॉर्स पावर की दो सहायक मोटरें क्यों नहीं चलाई गईं। जवाब में अभियंता ने बताया कि इनका कनेक्शन भी उसी खराब पैनल से है।

इस पर मेयर ने निर्देश दिए कि भविष्य में ऐसी स्थिति से बचने के लिए सहायक मोटरों का कनेक्शन अलग पैनल से जोड़ा जाए। जाजल में दो दिन पूर्व सात घंटे पानी आपूर्ति ठप रहने के मुद्दे पर भी मेयर ने स्पष्टीकरण मांगा। अभियंता ने बताया कि आंधी के चलते बिजली लाइन में फॉल्ट आया था। मेयर ने पूछा कि जनरेटर होते हुए भी आपूर्ति क्यों नहीं की गई, और इस पर संबंधित ठेकेदार रामजीलाल को फोन पर निर्देश दिए कि भविष्य में फॉल्ट की स्थिति में जनरेटर का उपयोग अनिवार्य रूप से किया जाए।

### मोटर एक महीने से खराब पड़ी थी

बाद में मेयर ने मुखी अस्पताल के पास स्थित दो अन्य बूस्टिंग स्टेशनों की भी जांच की, जहां एक मोटर एक महीने से खराब पाई गई। उन्होंने तुरंत मरम्मत के आदेश दिए और कहा कि गर्मियों में पेयजल आपूर्ति बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किए जा रहे हैं। मेयर ने कहा कि सोनीपत के लोगों को परेशानी नहीं होने दी जाएगी।

# राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता के लिए 26 होनहार खिलाड़ियों का चयन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



**सोनीपत।** शतरंज प्रतियोगिता में विजेताओं के साथ अतिथिगण एवं अन्य।

जिला शतरंज संघ द्वारा 10 से 12 अप्रैल 2025 तक केमिस्ट भवन में जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। तीन दिवसीय प्रतियोगिता विभिन्न आयु वर्गों में आयोजित की गई, जिसमें जिलेभर से बड़ी संख्या में प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने भाग लिया। उद्घाटन समारोह में कोशिश चेरिटेबल ट्रस्ट के प्रधान जितेन्द्र कुमार अग्रवाल और हरियाणा चेस एसोसिएशन की फाइनेंशियल रेगुलेशन कमेटी के सदस्य व पूर्व प्रिंसिपल अजय गोयल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर पुरस्कार वितरण समारोह में जिला शतरंज संघ के प्रधान दयानंद सिंधू, उपप्रधान सनी जैन, संयुक्त सचिव मनोज वर्मा, स्वप्निल गोयल और हिंदू विद्यापीठ स्कूल के स्पोर्ट्स विभाग प्रमुख देवेंद्र पाराशर ने विजेताओं को सम्मानित किया। संघ के संयुक्त सचिव स्वप्निल गोयल ने बताया कि विभिन्न वर्गों में प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया है, जहां वे जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में मनोज वर्मा और स्वप्निल गोयल का विशेष योगदान रहा।

### ये है विजेता खिलाड़ियों की सूची

| | | | |
|---|---|---|---|
| अंडर-7 | (लड़के): | प्रथम - विराज चार्य, | द्वितीय - आद्विक |
| अंडर-7 | (लड़कियां): | प्रथम - ईशानवी | |
| अंडर-9 | (लड़के): | प्रथम - कविश छाबड़ा, | द्वितीय - देव कत्याल |
| अंडर-9 | (लड़कियां): | प्रथम - इनाया, | द्वितीय - काशवी शर्मा |
| अंडर-13 | (लड़के): | प्रथम - सक्षम, | द्वितीय - समर्थ जैन |
| अंडर-13 | (लड़कियां): | प्रथम - सौम्या, | द्वितीय - नम्रता हरितास |
| अंडर-15 | (लड़के): | प्रथम - आर्णव धमीजा, | द्वितीय - सक्षम |
| अंडर-15 | (लड़कियां): | प्रथम - वरेण्यम, | द्वितीय - स्वस्ति |
| अंडर-17 | (लड़के): | प्रथम - गर्वित वर्मा, | द्वितीय - रुद्र |
| अंडर-17 | (लड़कियां): | प्रथम - महक दुल, | द्वितीय - वरेण्यम |
| अंडर-19 | (लड़के): | प्रथम - दर्श सैनी, | द्वितीय - चिराग मल्होत्रा |
| अंडर-19 | (लड़कियां): | प्रथम - मान्या शर्मा, | द्वितीय - श्रेया दास |

बच्चो, क्या तुम जानते हो हम सब जिस पृथ्वी पर रहते हैं, वो कितनी विविधताओं से भरी हुई है? इसकी विविधताएं ही इसे सौर मंडल का सबसे अनूठा ग्रह बनाती है। लेकिन हम इंसानों की लापरवाही से इस पर कई तरह के संकट बढ़ रहे हैं, इसका स्वरूप बिगड़ रहा है। हमारी धरती हमेशा हरी-भरी रहे, इसके लिए हमें जागरूक होना होगा।

# हमेशा हरी-भरी रहे हमारी पृथ्वी



जागरूकता
देवेंद्र मेवाड़ी





बच्चो, पृथ्वी के बारे में हम तुम्हें कुछ रोचक बातें बताएं, इससे पहले आओ, जरा आसमान से अपनी प्यारी पृथ्वी पर नजर डालते हैं। देखें तो सही वहां से यह कैसी दिखती है? ओह, दूर अंधेरे में कितनी सुंदर लगती है हमारी प्यारी पृथ्वी! चमकीला नीला गोला, उस पर फैले घुंघराले श्वेत बादल, नीचे भूरे, हरे, हल्के पीले महाद्वीप, बर्फ से ढंके उत्तरी और दक्षिणी ध्रुव। नील मणि-सी चमकती मां पृथ्वी का यह नीला रंग इसके विशाल नीले महासागरों के कारण दिखाई देता है।


## विविधताओं से भरी

हमारे प्राचीन ग्रंथों में पृथ्वी को मां कहा गया है। सूर्य से दूरी के हिसाब से यह सौर मंडल का तीसरा ग्रह है। यह एक मात्र ऐसा ग्रह है, जिस पर जीवन है। हमारी पृथ्वी अपने आप में बहुत-सी विविधताओं को समेटे हुए है। इसमें कहीं ऊंची पर्वतमालाएं हैं तो कहीं दूर-दूर तक फैले मैदान, कहीं गहरी घाटियां हैं तो कहीं विशाल रेगिस्तान। कहीं हरे-भरे जंगल, तो कहीं विशाल दलदल। कहीं सदानीरा नदियां बहती हैं तो कहीं ऊंचे पहाड़ों से छल-छल झरने गिरते हैं। कहीं भीषण गर्मी पड़ती है तो कहीं कड़ाके की सर्दी। कहीं घनघोर वर्षा होती है तो कहीं बारिश का नामो-निशान नहीं होता।



## इसलिए मौसम में होती है भिन्नता

हमारी पृथ्वी अपने अक्ष पर 23.5 डिग्री झुकी हुई है। साथ ही यह लगातार घूमती रहती है। जब यह अपनी धुरी पर घूमती है तो घूमते हुए लट्टू की तरह अंडाकार कक्षा में सूर्य की परिक्रमा भी करती है। इस सब का नतीजा यह होता है कि पृथ्वी के हर हिस्से पर साल भर सूर्य की रोशनी एक समान नहीं पड़ती। इसीलिए पृथ्वी की भूमध्य रेखा के आस-पास के हिस्सों में मौसम बेहद गर्म होता है। ज्यों-ज्यों हम उत्तर या दक्षिण की ओर बढ़ते हैं तो तपन कम होने लगती है और मौसम ठंडा लगने लगता है। और ध्रुवों पर तापमान न्यूनतम हो जाता है। ये हमारी पृथ्वी की जलवायु के विविध रंग हैं।



## बिगड़ रहा है ऋतु चक्र

आज से कुछ दशक पहले तक अपने सही समय पर ऋतुएं बदलती थीं। समय पर वसंत आता था। मई-जून में गर्मी पड़ती थी, फिर वर्षा ऋतु आती थी। उसके बाद हेमंत ऋतु और फिर शीत ऋतु की ठिठुरन शुरू हो जाती थी। ऋतुओं के हिसाब से किसान खेती करते थे, बोआई और कटाई के उत्सव मनाते थे। पशु-पक्षी भी ऋतुओं के हिसाब से अपनी लंबी प्रवास यात्राएं करते थे या ठंडे प्रदेशों में गुफाओं, कोटरों और बिलों में सो जाते थे। नन्ही तितलियां वसंत के इंतजार में प्यूपा बन कर किसी टहनी, चट्टान या दीवार से लटक जाती थीं कि वसंत आएगा और वे पंख फड़फड़ा कर मधु और पराग चूसने के लिए फूलों के पास पहुंच जाएंगी। नदियां कल-कल बहा करती थीं, हरे-भरे जंगल ठंडी बयार बहाकर हमारी सांसों के लिए भरपूर मात्रा में प्राणवायु ऑक्सीजन दिया करते थे। जलवायु के साथ हर जीवधारी का संबंध हुआ करता था। लेकिन अब यह संबंध भी गड़बड़ा गया है। वसंत समय पर नहीं आता तो फूल भी समय पर नहीं खिलते। बेमौसम और असमान रूप से बरसात होती है। वैज्ञानिकों का कहना है कि पृथ्वी की जलवायु में परिवर्तन होने से मौसम में ये परिवर्तन हो रहे हैं। हम इंसानों की लापरवाही से ही पृथ्वी का प्राकृतिक स्वरूप और इसकी जलवायु बिगड़ रही है।



## हम निभाएं अपनी जिम्मेदारी



पृथ्वी को इन तमाम संकटों से बचाने के लिए हम सभी को प्रयास करना होगा। बच्चो, इसमें सबसे बड़ी भूमिका तुम्हारी होगी। तुम ही देश, दुनिया के भविष्य हो। तुम्हें अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए, इस प्यारी पृथ्वी पर हरियाली बढ़ानी होगी। जल, थल और वायुमंडल को साफ रखना होगा। तभी यह प्यारी-निराली पृथ्वी रहने लायक रहेगी। *

## चिंताजनक है ग्लोबल वार्मिंग



**प्रकृति में** आए परिवर्तन की वजह यह है कि विकास की एक ऐसी अंधी दौड़ शुरू हो गई है कि हर कहीं पेड़ों के जंगल के बजाय कंकरीट के जंगल (ढेरों मकान, भवन और ऊंची इमारतें) खड़े होने लगे हैं। हरे-भरे जंगल कटने लगे हैं और शहर फैलने लगे हैं। हम लोग यह भूल गए कि पेड़-पौधों और हरे-भरे जंगलों से ही हमें सांसें मिलती हैं। हम उनकी बनाई प्राणवायु ऑक्सीजन में ही सांस लेकर जीवित रहते हैं। इसीलिए प्रकृति ने हमारे लिए हवा में कार्बन डाइऑक्साइड और अन्य गैसों की ठीक उतनी ही मात्रा रखी थी, जितनी हमारे सांस लेने के लिए जरूरी थी। लेकिन हरे-भरे जंगल कटने, शहरों के फैलने, सड़कों पर लाखों गाड़ियों के पेट्रोल से उत्पन्न होने वाले धुएं से हर साल लाखों टन कार्बन डाइऑक्साइड वायुमंडल में पहुंचने लगी। इससे वायुमंडल में प्रकृति द्वारा तय किया गया गैसों का अनुपात गड़बड़ा गया। परिणाम यह हुआ कि पृथ्वी का तापमान बढ़ता जा रहा है। वैज्ञानिक इसे वैश्विक तपन या ग्लोबल वार्मिंग कहते हैं। इस तपन के कारण ध्रुवों की बर्फ पिघल रही है और ग्लेशियर भी पिघल कर सिकुड़ते जा रहे हैं। तापमान इसी तरह बढ़ता गया तो सागरों में पानी का स्तर बढ़ने से सागरतटों पर बसे शहरों के डूबने का खतरा पैदा हो जाएगा। पूरी दुनिया में ग्लोबल वार्मिंग का संकट बढ़ता जा रहा है। इसे रोकना होगा।

यह भी जानो / शिखर चंद जैन

# बहुत अनूठी हैं पृथ्वी की विशेषताएं



बच्चो, पृथ्वी (अर्थ) हमारे सौर मंडल का एकमात्र ग्रह है, जिस पर जीवन है। मनुष्य, पेड़-पौधे, जीव-जंतु सभी इस पृथ्वी पर रहते हैं। हमारी पृथ्वी के अलावा बाकी कुछ ग्रहों पर जीवन होने की संभावनाएं तो जताई गई हैं, लेकिन अभी तक इस बात की पुष्टि नहीं हो सकी है। इस लिहाज से पृथ्वी सौर मंडल के अन्य ग्रहों से अलग-अनूठी है।

**कितनी पुरानी है पृथ्वी:** विभिन्न वैज्ञानिक शोधों से पता चलता है कि पृथ्वी लगभग 4.5 अरब साल पुरानी है। नेशनल सेंटर फॉर साइंस एजुकेशन के वैज्ञानिकों ने चट्टानों और उल्कापिंडों की कार्बन-डेटिंग (प्राचीन वस्तुओं की उम्र पता लगाने की वैज्ञानिक विधि) करके इस अनुमानित आयु का पता लगाया है। हजारों साल तक मनुष्य यह मानता रहा कि पृथ्वी, ब्रह्मांड का केंद्र है। बाद में पता चला कि सूर्य, हमारे सौर मंडल के केंद्र में है और पृथ्वी समेत अन्य ग्रह उसके चारों ओर चक्कर लगाते हैं।




**पांचवां सबसे बड़ा ग्रह:** पृथ्वी की भूमध्यरेखीय त्रिज्या (इक्वेटोरियल रेडियस) लगभग 6,378 किलोमीटर और व्यास (डायमीटर) लगभग 12,756 किलोमीटर है, जबकि इसकी ध्रुवीय त्रिज्या (पोलर रेडियस) लगभग 6,357 किमी और व्यास लगभग 12,714 किमी है। पृथ्वी हमारे सौर मंडल का पांचवां सबसे बड़ा ग्रह है।

**पृथ्वी की परतें:** परतों (लेयर्स) की बात करें, तो हमारी पृथ्वी को मुख्य रूप से तीन परतों में बांटा गया है- कोर, मेंटल और क्रस्ट। कोर पृथ्वी का सबसे आंतरिक भाग होता है। पृथ्वी के मध्य भाग को मेंटल कहते हैं, जबकि पृथ्वी के सबसे ऊपरी परत को क्रस्ट कहते हैं। क्रस्ट ही वह हिस्सा है, जिस पर मानव जीवन का अस्तित्व है।

**लगातार गतिशील है पृथ्वी:** बच्चो, हमारी पृथ्वी दो तरीके से गति करती है-घूर्णन (रोटेशन) और परिक्रमण (रिवॉल्यूशन)।

पृथ्वी अपने अक्ष (धुरी) पर पश्चिम से पूर्व की ओर घूमती है। पृथ्वी को अपना एक घूर्णन पूरा करने में लगभग 24 घंटे का समय लगता है। अपने अक्ष पर लगातार घूमते रहने के कारण ही पृथ्वी पर दिन और रात होते हैं। पृथ्वी अपनी धुरी पर लगभग 1667 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से घूमती है। घूर्णन के अलावा हमारी पृथ्वी सूर्य के चारों ओर एक दीर्घ वृत्ताकर (एलिप्टिकल) कक्षा में चक्कर भी लगाती है, जिसे परिक्रमण कहा जाता है। यह सूर्य के चारों ओर लगभग 1,07,226 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चक्कर लगाती है। सूर्य का एक चक्कर लगाने में पृथ्वी को 365.25 दिन का समय लगता है। परिक्रमण गति के कारण ही हमारी पृथ्वी पर ऋतु/मौसम परिवर्तन होता है।

**पानी का भंडार:** पृथ्वी पर जल का अथाह भंडार है। इसकी सतह का 71 प्रतिशत हिस्सा तो पानी से ही ढंका है। सिर्फ 29 प्रतिशत हिस्सा ही भूमि है। इस पानी में से केवल 3 प्रतिशत पानी ही मीठा/ताजा यानी अलवणीय और पीने योग्य है। बाकी 97 प्रतिशत पानी खारा है। पृथ्वी का लगभग 90 प्रतिशत ताजा पानी अंटार्कटिका की ध्रुवीय बर्फ के रूप में जमा हुआ है। *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

# प्यारी-मनोरंजक कहानियां



बच्चो, बांग्ला भाषा की प्रसिद्ध लेखिका जया मित्र की बाल-कहानियों की किताब 'चार-पांच दोस्त' का हिंदी अनुवाद हाल में ही प्रकाशित होकर आया है। इसका अनुवाद किया है कल्लोल चक्रवर्ती ने। इसमें कुल चौदह कहानियां और एक नाटक संकलित है। इन कहानियों में बाग-बगीचे, फूलों वाले पेड़, नदी, पहाड़, जंगल, बारिश, चिड़िया, तितली आदि मौजूद हैं। इनके साथ नन्हे बच्चों की खिलंदड़ी हरकतें मन को लुभाती हैं। हम सभी के जीवन में प्रकृति की कितनी महत्ता है, इसे बड़े सरल ढंग से ये कहानियां बताती हैं। 'चार-पांच दोस्त', दो चिड़िया चड़ुआ-बड़ुआ, दो नन्ही बच्चियों रियां-पियाल और एक छोटे लड़के गौतम की प्यारी-सी कहानी है। 'उस बार पहाड़ में' और 'तितलियों का गांव' समेत सभी कहानियां तुम्हें अच्छी लगेंगी। *

**किताब:** चार-पांच दोस्त, **लेखिका:** जया मित्र, **अनुवाद:** कल्लोल चक्रवर्ती, **मूल्य:** 175 रुपए, **प्रकाशक:** साहित्य अकादेमी, नई दिल्ली

## हंसगुल्ले




**चिंटू :** अगर मिस्टर बीन सो जाए, तो हम उन्हें क्या कहेंगे?
**मिंटू :** पता नहीं। तुम्हीं बता दो, क्या कहेंगे?
**चिंटू :** सोयाबीन।
-रमन, रायपुर

**पापा :** आज मैथ्स टेस्ट में तुम्हारे कितने नंबर आए?
**सोनू :** मोनू से बीस नंबर कम।
**पापा :** अच्छा! मोनू के कितने नंबर आए हैं?
**सोनू :** बीस नंबर।
-अमन, बिलासपुर

**कंप्यूटर टीचर :** कंप्यूटर चलाने के लिए तुम्हें सबसे पहले ढंग से माउस पकड़ना आना चाहिए।
**रोहित :** लेकिन सर, माउस को तो बिल्लियां पकड़ती हैं।
-दीक्षा, रोहतक

## जीके क्विज-150

1. पहला 'पृथ्वी दिवस' किस वर्ष मनाया गया था?
2. 'पृथ्वी दिवस' मनाने की शुरुआत का श्रेय किसे जाता है?
3. हाल ही में किस भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी ने आइपीएल क्रिकेट में एक हजार बाउंड्रीज (चौके और छक्के) लगाने का रिकॉर्ड बनाया?
4. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को किस देश में 'सिटी की ऑफ ऑनर' से सम्मानित किया गया?
5. भारत के वर्तमान विदेश मंत्री कौन हैं?
6. दुनिया में सर्वाधिक वर्षा वाला स्थान कौन-सा है?
7. किस भारतीय शहर को 'द सिटी ऑफ पैलेस' कहा जाता है?
8. लोकनायक के नाम से किन्हें जाना जाता है?
9. भारतीय राष्ट्रीय कैलेंडर का पहला माह कौन सा है?
10. केरल की राजधानी कहां है?



बच्चों, जीके क्विज-150 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-149 का उत्तर :** 1.बिहार, 2.राजनाथ सिंह, 3.चंडीगढ़, 4.पोरबंदर (गुजरात), 5.प्रशांत महासागर, 6.कोलकाता में, 7.वेटिकन सिटी, 8.अकबर, 9.के-2, 10.हरिवंश राय बच्चन

**जीके क्विज-149 का सही उत्तर देने वाले :** साकेत-दुर्ग, कबीर-हिसार, सुमन-रायपुर, संकेत-बिलासपुर, आर्यन-रोहतक, प्रज्ञा-धमतरी, राहुल-बालोद, प्रिया-महासमुंद, गौतम-दिल्ली, कनक-बलौदा बाजार, त्रिशा-राजनांदगांव



कहानी
मंजरी शुक्ला

अबीर अपने मामा जी और दोस्त हर्षित के साथ पिकनिक मनाने के इरादे से नदी किनारे आया। लेकिन तीनों नदी के आस-पास का नजारा देखकर दुखी हो गए। असल में वहां गंदगी बहुत थी। तो क्या तीनों पिकनिक का इरादा छोड़कर वापस लौट गए या वहां कुछ अनहोनी हो गई?

# मुस्कुरा उठी नदी



तुम्हारे मामा इतनी दूर से तुमसे मिलने आए हुए हैं और तुम अपने कमरे में बैठे हुए हो!' मामा जी यह कहते हुए एकाएक अबीर के सामने आकर खड़े हो गए।

अबीर खुशी से उनसे लिपट गया, 'अरे! आप कब आ गए मामाजी?' 'आया तो अभी हूं। आज हम नदी किनारे पिकनिक मनाने चलेंगे।' मामा जी अबीर के गाल पर प्यार से चपत मारते हुए बोले।

अबीर तुरंत बोला, 'मामा जी, मैं अपने दोस्त हर्षित के घर जाकर उसे भी ले आता हूं। वह भी हमारे साथ पिकनिक मनाने चलेगा।' थोड़ी ही देर बाद मामा जी के साथ कार में बैठकर अबीर और हर्षित पिकनिक के लिए निकल गए। दोनों मजे से मामा जी से बात करते हुए चले जा रहे थे। मामा जी ने बताया, 'मेरे गांव में नदी का पानी इतना स्वच्छ और निर्मल रहता है कि सभी लोग नदी के पास किसी घने पेड़ के नीचे बैठकर अपना सुख-दुःख बांटते हैं, प्रकृति के करीब काफी समय बिताते हैं फिर शाम तक घर लौटते हैं।'

अबीर बोला, 'अच्छा! मामा जी इसी तरह की और बातें भी हमें बताएं ना!' मामा जी ने अपने बचपन की यादों का पिटारा खोल दिया। बातों ही बातों में न जाने कितना समय निकल गया, कुछ पता ही नहीं चला।

तभी हर्षित खुशी से चिल्लाया, 'ठंडी हवा आने लगी है, मतलब हम नदी के पास पहुंच गए हैं।' मामा जी ने एक जगह रुक कर गाड़ी लॉक की और बोले, 'आज हम लोगों को बहुत मजा आएगा।' 'यहां तो एक अजीब-सी बदबू आ रही है।' अबीर ने नाक पर हाथ रखते हुए कहा। थोड़ा आगे बढ़े तो हर्षित बोला, 'लग रहा है यहां पर लोग पिकनिक मनाने नहीं बल्कि अपने घर का कूड़ा डालने के लिए आए हैं।' 'वह आंटी तो पूरा बैग भरकर प्लास्टिक और अगरबत्ती के पैकेट नदी के अंदर डाल रही हैं।' मामा जी उस ओर इशारे करते हुए बोले। 'चारों तरफ चिप्स और बिस्किट के पैकेट बिखरे पड़े हुए हैं।' हर्षित धीरे से बोला।

'हम लोग कहीं और चलकर पिकनिक मनाते हैं।' अबीर मुंह बनाते हुए बोला। हर्षित ने भी सहमति जताई, 'अबीर सही कह रहा है। हम इतनी गंदी जगह बैठ कर पिकनिक नहीं मनाएंगे। यहां बैठकर खाना-पीना दूभर हो जाएगा।'

लेकिन मामा जी तो अपने आप में खोए हुए एकटक नदी की तरफ देखे जा रहे थे। कुछ देर बाद वह बोले, 'यही नदी हमारे गांव तक भी जाती है। वहां इसका पानी इतना साफ होता है कि तुम्हें गहरे पानी की मछलियां भी तैरती हुई साफ नजर आएंगी। सच बात तो यह है कि नदी गंदी नहीं होती है। हम इंसान मिलकर उसे गंदा या साफ बनाते हैं।'

'पर हम कर भी क्या सकते हैं? अगर हम इन लोगों को समझाएंगे तो क्या ये हमारी बात सुनेंगे?' अबीर दुखी स्वर में बोला। अबीर की बात सुनकर मामा जी ने इधर-उधर देखा। वहां पर खड़ी पुलिस की एक गाड़ी पर उनकी नजर पड़ी। वह तेजी से गाड़ी की ओर बढ़ गए। हर्षित डर गया और अबीर से बोला, 'अब तो पुलिस वाले मामा जी को पकड़ लेंगे।'

'तू थोड़ा कम डरा कर।' अबीर अपने दोस्त हर्षित के गाल पर चपत मारते हुए बोला।

मामा जी जब बहुत देर तक पुलिस वालों से कुछ बात करते रहे तो हर्षित से न रहा गया, बोला, 'लगता है पुलिस वालों से मामा जी की बहस हो रही है। चलो, चलकर उन्हें बचाते हैं।'

एक ही पल बाद मामा जी पुलिस इंस्पेक्टर और उसके तीन सिपाहियों के साथ एक दूसरी ओर जाते हुए दिखे। सभी उन लोगों के पास पहुंचे, जो नदी में और उसके आस-पास गंदगी फैला रहे थे। सिपाहियों ने उन लोगों से न जाने क्या कहा कि उनकी बात सुनते ही सभी के चेहरों पर हवाइयां उड़ने लगीं। सबने तुरंत सारा कूड़ा उठाकर मैदान में एक ओर लगे कचरे के डिब्बों में फेंक दिया। कुछ लोग तो अपने आप नदी के किनारे से प्लास्टिक की बोतलें वगैरह उठाकर कूड़े के डिब्बों में डालने लगे, जो उन्होंने फेंकी भी नहीं थी। देखते ही देखते वहां सब साफ-सुथरा नजर आने लगा।

मामा जी एक पेड़ की छांव के नीचे खड़े होकर हंसते हुए बोले, 'तो अब इस स्वच्छ जगह पर बिछा लें हम लोग अपनी चटाई और शुरू करें पेट पूजा?' लेकिन अबीर मामा जी का हाथ पकड़ते हुए बोला, 'पहले आप बताएं कि आपने उन पुलिस वालों से क्या कहा?' 'जब मैंने पुलिस वालों को बताया कि नदी इतनी गंदी हो रही है, इसका पानी काला हो रहा है तो उन्होंने कहा कि हम तो बहुत मना करते हैं पर कोई मानता ही नहीं है।' 'फिर आपने क्या कहा?' हर्षित ने उत्सुकता से पूछा। 'तो मैंने कहा कि आप उनसे यह क्यों नहीं बताते कि यही पानी, प्रोसेस होने के बाद नलों के द्वारा उनके घरों तक जाता है।' मामा जी गंभीर स्वर में बोले। अबीर ने मासूमियत से पूछा, 'तो क्या सचमुच इस नदी का ही पानी हमारे घरों में आता है?'

'और क्या, तुम्हारे घर की पानी की टंकी को भरने के लिए क्या हर बार बरसात होगी?' मामा जी ने हंसते हुए कहा। मामा जी के साथ अबीर और हर्षित भी हंस पड़े। तीनों ने पेड़ की छांव में बहती ठंडी हवा में अपने साथ लाए भोजन का मजा लिया। जब वहां से उठने लगे तो मामा जी ने ध्यान दिया कि लोग खाना खाकर प्लास्टिक और डिस्पोजेबल प्लेट नदी में नहीं फेंक रहे थे बल्कि अपने साथ लाए थैलों में रख रहे थे।

मामा जी ने नदी की तरफ बहुत ही प्यार से देखा और खुशी के मारे अपनी नम आंखें पोंछ लीं। उन्हें लगा जैसे नदी मुस्कुरा रही है। नदी को लग रहा है कि वो अब हमेशा स्वच्छ-निर्मल रहेगी। *

कविता
देवी प्रसाद गौड़



## धरती मां हम सबकी मां है

प्राण पले जिसकी गोदी में,
उस पृथ्वी को शीश झुकाएं।
कण-कण रहे सुगंधित इसका,
हरित क्रांति से धरा सजाएं।।
शुद्ध हवा से रोग मरेंगे,
पेड़ों पर चिड़िया चहकेंगी।
तन ताजा हो मन में मस्ती,
फूलों की बगिया महकेंगी।।
खाने को अन्न दिया तुमने,
पीने, अमृत जैसा पानी।
अमृत में विष नहीं घुलेगा,
बहुत हुई अब तक नादानी।।
दूर रहें नदियों से नाले
अलग व्यवस्था करनी होगी
हर जीवन पानी का प्यासा,
सबकी पीड़ा हरनी होगी।।
धरती की हर सांस प्रदूषित,
वर्षों से बीमार बेचारी।
धरती मां हम सबकी मां है,
समझें अपनी जिम्मेदारी।।
स्वच्छ रखेंगे सड़क जलाशय,
मिल-जुल कर करते श्रमदान।
शहर-नगर या गली गांव की,
इनसे बनती अपनी शान।।
हम भविष्य हैं इस पृथ्वी के,
सेवा है संकल्प हमारा।
जहरीला परिवेश हो गया,
पाना है इससे छुटकारा।।
रहें समर्पित जीवन भर,
फिर औरों को भी समझाएं।
एक रोज क्यों मने वर्ष में
हर दिन पृथ्वी दिवस मनाएं।।

## रंग भरो-173

**रंग भरो-173** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




समृद्धि, शहडोल


सौम्य, बालोद


अन्वीक्षा, दुर्ग


आस्तिका, चांपा



सार्थक, रायपुर


वैदिक, कोरबा

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

डॉली-दुर्ग, आदित्य-खैरागढ़, डिंपल-दुर्ग, डिंपल-दुर्ग, राशि-दुर्ग, सत्यम-रायपुर, अमन-कोरबा, सक्षम-बिलासपुर, दिव्या-रायगढ़, जतिन-रोहतक, काव्या-महासमुंद, जीविका-बलौदा बाजार, सौम्या-भेपाल, आद्या-हिसार, कुसुम-बिलासपुर, राशि-दिल्ली

## रंग भरो 174



बच्चो, यहां पर 'पृथ्वी दिवस' से जुड़ा एक ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम **बालभूमि** में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## मुरथल विश्वविद्यालय में जारी रहा धरना, दोपहर बाद किया स्थगित

# प्रशासनिक मनमानी के खिलाफ टीचिंग व नॉन टीचिंग स्टाफ का धरना, नारेबाजी

**22 मार्च 2025 को हुई कार्यकारिणी की बैठक की जारी की गई मिनिट्स में जानबूझकर छेड़छाड़ की**

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत**

धरना प्रदर्शन के दौरान यूनियन ने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय प्रशासन अपनी कारगुजारियों को छिपाने के लिए लीपा-पोती में लगा हुआ है।

22 मार्च 2025 को हुई कार्यकारिणी की बैठक की जारी की गई मिनिट्स में जानबूझकर छेड़छाड़ की गई है। यूनियन का कहना है कि सरकार के नुमाइंदों द्वारा सुझाए गए नियमों को नजरअंदाज करते हुए मनमर्जी से निर्णय लिए गए हैं और रेजोल्यूशन में भी फेरबदल किया गया है। इतना ही नहीं, कार्यकारिणी सदस्यों के असहमति नोट (डायसेंट नोट) को भी दस्तावेज में शामिल नहीं किया गया। यूनियन ने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय प्रशासन अपने लिए सभी सुविधाएं जुटा रहा है, जबकि छात्र व स्टाफ बुनियादी सुविधाओं के लिए भी जूझ रहे हैं। सड़कें, लिफ्ट, टॉयलेट जैसी मूलभूत सुविधाएं जर्जर स्थिति में हैं, लेकिन अधिकारी अपने लिए कुक व चौकीदार जैसी सेवाएं भी मनमाने ढंग से ले रहे हैं। यूनियन ने लिफ्ट पर ताला लगाने को एक 'पैसे की बर्बादी छिपाने की चाल' करार दिया। यूनियन ने बताया कि प्रशासन की मनमानी पर पूर्व में राज्यपाल को पत्र भी लिखा गया था, जिसके बाद उन्होंने जवाब मांगा था। लेकिन प्रशासन ने जवाब देने की बजाय यूनियन प्रमुखों के खिलाफ ही समिति बनाकर आरोप लगाए।




**सोनीपत।** डीक्रस्ट मुरथल में प्रदर्शन करते कर्मचारी एवं शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

### विवि प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन

मुरथल विश्वविद्यालय में टीचिंग व नॉन टीचिंग स्टाफ का संयुक्त धरना दूसरे दिन भी जारी रहा। यूनियन के प्रधान डॉ. अजय कुमार और आनंद कुमार के नेतृत्व में कर्मचारियों ने विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया और जमकर नारेबाजी की।

### स्वतंत्र जांच की मांग

धरना फिलहाल स्थगित कर दिया गया है, लेकिन यूनियन ने चेतावनी दी है कि आवश्यकता पड़ने पर आंदोलन दोबारा शुरू किया जाएगा। साथ ही, राज्यपाल, मुख्यमंत्री व अन्य उच्चाधिकारियों को एक संयुक्त निवेदन भेजकर स्वतंत्र जांच की मांग की जाएगी।



**सोनीपत।** श्रमिकों को दवाई, नारियल तेल और जूस भेंट करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# ईंट भट्ठे पर श्रमिकों को दी दवाई, तेल और जूस

**प्रधान सुरेश के नेतृत्व में एक सौ पचास श्रमिकों को भेंट किए**

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत**

सेवा ट्रस्ट (यूके ) इंडिया की ओर से तिहाड़ बाघड़ स्थित ईंट भट्ठा पर खांसी की दवाई, नारियल तेल, जूस श्रमिकों को भेंट किए। सेवा ट्रस्ट (यूके) इंडिया की ओर से प्रधान सुरेश वत्स के नेतृत्व में एक सौ पचास श्रमिकों को दवाई ,नारियल तेल व जूस भेंट किए। इसके अलावा दस भट्ठे पर मुफ्त में दवाई, तेल, जूस, बिस्किट श्रमिकों को वितरित किए जाएंगे।

**ये रहे उपस्थित**

दिलबाग सिंह हिंदी प्राध्यापक ने श्रमिकों को समझाया कि आप अपने बच्चों को सरकारी विद्यालय में दाखिल करवाएं और अपने स्वास्थ्य का भी विशेष ध्यान रखें। इस अवसर पर प्रदीप पंवार, पवन पालीवाल, रविकांत, रमेश मदान, प्रवीण कुमार, सुनील छहतैरा, सतीश नैन, मास्टर सुरेंद्र कश्यप, अर्पित सिंह आदि उपस्थित रहे।

# प्रताप स्कूल के विद्यार्थी ओजस व अर्जुन ने पाया तृतीय स्थान

- 3100 रुपये नकद पुरस्कार तथा ट्रॉफी से सम्मानित किया

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा**

प्रताप स्कूल के होनहार विद्यार्थी ओजस व अर्जुन ने सोनीपत में आयोजित इग्नाइट एंड इनोवेट 2025 परियोजना प्रतियोगिता में प्रोजेक्ट मेकिंग कंपटीशन में तीसरा स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरव से ऊँचा कर दिया। इस उपलब्धि के लिए उन्हें 3100 रुपये नकद पुरस्कार तथा ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। विद्यालय पहुँचने पर दोनों छात्रों द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया, प्राचार्या दया दहिया व एकेडमिक डायरेक्टर डॉ सुबोध दहिया ने स्वागत किया। प्राचार्या दया दहिया ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि पूरे विद्यालय परिवार के लिए गर्व की बात है।

अन्य विद्यार्थियों को भी इनसे अपना चहुँमुखी विकास करने के लिए प्रेरणा प्राप्त हुई है। एकेडमिक डायरेक्टर डॉ सुबोध दहिया ने बताया सभी को प्रौद्योगिकी का सही तरीके से प्रयोग करते हुए राष्ट्र-निर्माण में योगदान देना चाहिए। हमें तकनीकी का केवल उपभोग कर्ता नहीं बनना है अपितु तकनीकी उत्थान कर्ता बनना है।



**खरखौदा।** पुरस्कार प्रदर्शित करते ओजस व अर्जुन। फोटो : हरिभूमि



नवीन खांडा को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित करते नेहरू युवा केन्द्र के अधिकारी।

# सामाजिक कार्यों में उत्कृष्ट योगदान के लिए नवीन खांडा को मिला सम्मान

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा**

समाज में जागरूकता, सेवा और समर्पण की भावना को जीवंत करने वाले युवाओं की सराहना करते हुए, नेहरू युवा केंद्र सोनीप ने तिरंगा युवा समिति अध्यक्ष नवीन खांडा को उनके उल्लेखनीय सामाजिक कार्यों और जनसेवा के लिए प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। यह सम्मान केंद्र के युवा अधिकारी नवीन गुलिया द्वारा विशेष रूप से भेंट किया गया। नवीन खांडा पिछले कई वर्षों से समाज सेवा के विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय हैं। उन्होंने 31 बार स्वैच्छिक रक्तदान कर अनेक जरूरतमंदों की जान बचाने में योगदान दिया है। इसके साथ ही वह पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण, युवा जागरूकता, देशभक्ति कार्यक्रमों और बलिदानियों की स्मृति में भव्य स्मारक निर्माण जैसे अनेक प्रेरणादायक अभियानों से जुड़े हुए हैं। उनके नेतृत्व में तिरंगा युवा समिति लगातार ग्रामीण क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य कर रही है।

# नेशनल लेवल वर्चुअल महाकुंभ आर्ट कंपीटिशन में मुस्कान अव्वल

- प्राचार्या डा.स्पाह ने उपलब्धि के लिए मुस्कान का अभिनंदन किया

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत**

नेशनल लेवल वर्चुअल महाकुंभ आर्ट कंपीटिशन-2025 में जीवीएम गर्ल्स कालेज की बीबीए तृतीय वर्ष की छात्रा मुस्कान अव्वल रही। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने मुस्कान को बधाई देते हुए उनके स्वर्णिम भविष्य की कामना की।

बीबीए के विभागाध्यक्ष प्रवीण शर्मा ने बताया कि सनातन धर्म कालेज अंबाला कैंट में नेशनल लेवल वर्चुअल महाकुंभ आर्ट कंपीटिशन-2025 का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जीवीएम की मुस्कान ने भी हिस्सा लेते हुए प्रथम स्थान हासिल किया।

प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने उपलब्धि के लिए मुस्कान का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि मुस्कान ने अपनी रचनात्मकता तथा सकारात्मक सोच के साथ कलाकृति की रचना की, जिसमें महाकुंभ के उद्देश्य व मूल को निहित किया गया। उनकी बेहतरीन कलाकृति को प्रथम पुरस्कार से नवाजा गया। यह मुस्कान के साथ कालेज के लिए भी गौरवमयी उपलब्धि है। इस मौके पर बीबीए विभागाध्यक्ष प्रवीण शर्मा ने भी मुस्कान को बधाई दी।



**सोनीपत।** विजेता छात्रा अव्वल का स्वागत करती प्राचार्या। फोटो : हरिभूमि

# मयंक व दीक्षा को शिक्षा मंत्री ने किया सम्मानित

- लोकमान्य तिलक अंकनाद पहाड़ा समावेशन प्रतियोगिता में सोनीपत जिले में प्रथम व दूसरे स्थान पर रहे

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना**

राजकीय माध्यमिक विद्यालय गढ़ी सराय नामदार खां के कक्षा 5वीं के मयंक व दीक्षा लोकमान्य तिलक अंकनाद पहाड़ा समावेशन प्रतियोगिता में जिला सोनीपत में क्रमशः पहले और दूसरे स्थान पर रहे।दोनों मेधावी विद्यार्थियों की इस उत्कृष्ट उपलब्धि के आधार पर प्रदेश सरकार के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुभाष भारद्वाज व अंकनाद के संचालक मंदार नामजोशी ने द्वारा मयंक व दीक्षा को सम्मानित किया। सम्मान समारोह पानीपत के आर्य महाविद्यालय में आयोजित किया गया। समारोह में विद्यालय के मुख्य शिक्षक सतपाल सिंह व दोनों बच्चों के कक्षा शिक्षक दलबीर खुंडिया व सुनील भावा को भी सम्मानित किया गया।




**सोनीपत।** राजकीय महिला महाविद्यालय में कार्यक्रम के दौरान उपस्थित छात्राएं।

### व्याख्यान में छात्राओं ने हिस्सा लिया


**सोनीपत।** राजकीय महिला महाविद्यालय, सोनीपत के वाणिज्य विभाग द्वारा डिजिटल उपस्थिति का निर्माण : लिंक्डइन प्रोफाइल से लेकर बेहतरीन रिज्यूमे तक' नामक विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्याता के तौर पर पाईट, पानीपत में कार्यरत प्राध्यापक डॉ. विकास नैन उपस्थित रहे। इस व्याख्यान का उद्देश्य छात्राओं को सोशल मीडिया के सार्थक उपयोगों के बारे में जानकारी दी के वे किस प्रकार से इस माध्यम का इस्तेमाल कर सकते है। प्राचार्य डॉ. नरेश कुमार ने महाविद्यालय की छात्राओं को ऐसी गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर डॉ. वंदना नासा, राजेश कुमार, डॉ. रेखा, डॉ. राजवंती, मीनाक्षी उपस्थित रहे।

### रोडवेज कर्मचारी का दो-पहिया वाहन चोरी

**सोनीपत।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के सब स्टैंड परिसर से रोडवेज कर्मचारी का दो-पहिया वाहन चोरी होने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। सलीम सर माजरा निवासी सतीश चंद्र ने बताया कि वह रोडवेज विभाग में बतौर चालक के पद पर तैनात है। गत पांच अप्रैल को वह बस परिसर में अपनी बाइक पर पहुंचा। बाइक को परिसर में बने स्टैंड में खड़ा करके ड्यूटी पर चला गया। अगले दिन जब वह वापस लौटा तो बाइक नहीं मिली। अपने स्तर पर बाइक की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया।

### आत्म सुरक्षा के लिए जानकारी जरूरी

**सोनीपत।** ऋषिकुल वर्ल्ड एकेडमी में छात्रों को अपनी सुरक्षा के प्रति जागरूक करने हेतु विशेष काउंसलिंग सभा का आयोजन किया गया। जिसमें प्राथमिक वर्ग के छात्र शामिल हुए। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्या चंचल शर्मा उपस्थिति रही। मुख्य वक्ता चंचल शर्मा ने ने छात्रों को गुडऔर बैड टच का अंतर बताते हुए कहा कि गुड टच वह होता है जो आपको सुरक्षित और अच्छा महसूस कराता है, जैसे कि किसी का हाथ थपथपाना या सिर पर हाथ फेरना। वहीं, बैड टच वह होता है जो आपको असहज या डरा हुआ महसूस कराता है, जैसे कि किसी अनजान व्यक्ति द्वारा निजी अंगों को छूना। उन्होंने कहा इसके बारे में सीखना आप सभी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है ताकि आप अपनी सीमाओं को समझ सकें और किसी भी गलत व्यवहार से बच सकें। इस अवसर पर छात्रों को जागरूक किया गया। इस विषय पर छात्रों के साथ चर्चा भी की गई और उन्हें एक लघु फिल्म भी दिखाई गई।



**सोनीपत।** ऋषिकुल वर्ल्ड अकादमी में कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को जानकारी देते हुए।



**गोहाना।** भाषण प्रतियोगिता में कला-कौशल दिखाते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### भाषण प्रतियोगिता में राम प्रथम

गोहाना। जवाहर लाल नेहरू वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गोहाना में विश्व धरोहर दिवस की पूर्व संध्या पर गुरुवार को भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने विषय संदर्भित तथ्यों से अवगत करवाया।भाषण प्रतियोगिता में कक्षा 8वीं से राम शर्मा को प्रथम स्थान मिला। द्वितीय स्थान हर्षित और तृतीय आंचल ने प्राप्त किया। कार्यक्रम के लिए मार्गदर्शन विद्यालय की प्रबंधक कृष्णा शर्मा का रहा। संयुक्त अध्यक्षता एमडी सुनील शर्मा और प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा ने की। प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा ने बच्चो को अपने पूर्वजों की धरोहर संभलकर रखने की प्रेरणा दी। उन्होंने बताया कि विश्व धरोहर दिवस हर वर्ष 18 अप्रैल को मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य पृथ्वी पर मौजूद सभी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों के संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना है। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में सचिन कुमार, राधिका, सोमवीर मलिक और मधुबाला शामिल रहे।

# विज्ञानोदय में रचा कीर्तिमान 'न्यूरल नेक्सस' दल ने हासिल की सफलता

- छात्रों ने 'अग्रिनेसुस' नामक एक अभिनव परियोजना प्रस्तुत की

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत**

गेटवे इंजीनियरिंग कॉलेज के बीटेक (कंप्यूटर साइंस) की छात्र टीम 'न्यूरल नेक्सस' ने बीएम प्रौद्योगिकी संस्थान के तत्वावधान में सम्पन्न इंटर कॉलेज तकनीकी महोत्सव 'विज्ञानोदय 2025' में अपनी विलक्षण नवाचार क्षमता का प्रदर्शन करते हुए 'प्रोजेक्ट शोडाउन' प्रतिस्पर्धा में तृतीय स्थान प्राप्त कर संस्थान का गौरव वर्धन किया। यह प्रतियोगिता देशभर के विविध शिक्षण संस्थानों की 20 से अधिक अनुसंधान-केंद्र एवं नवप्रवर्तनशील टीमों की सहभागिता से सम्पन्न हुई। जिसमें न्यूरल नेक्सस टीम के सदस्य पीयूष पांडे, प्रदीप कुमार सिंह, पिंटू सिंह और हिमांशु सैनी इन छात्रों ने 'अग्रिनेसुस' नामक एक अभिनव परियोजना प्रस्तुत की। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर गेटवे शिक्षण संस्थान के डायरेक्टर जनरल डॉ. (कर्नल) अमीक गर्ग एवं प्राचार्य डॉ. विनय कुमार सिंघल ने संपूर्ण टीम को शुभकामनाएं एवं बधाइ दी।




**सोनीपत।** विजेता टीम के सदस्यों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## गन्नौर को दो साल पहले मिली नई दमकल गाड़ी को गोहाना भेजा

# अब कंडम गाड़ी के भरोसे गन्नौर की सुरक्षा

- पुरानी कंडम दमकल गाड़ी के भरोसे रह गई गन्नौर की आगजनी की सुरक्षा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर**

शहर की दमकल विभाग की सरकार द्वारा लोगों की मांग पर वर्ष 2023 में दी गई नई दमकल गाड़ी को गोहाना में भेज दिया है। अब अगर शहर व आसपास में आगजनी की घटना हो जाती है तो अब आगजनी की सुरक्षा दमकल विभाग की पुरानी गाड़ी के सहारे रह गई है। ऐसे में शहर के लोगों ने सरकार के प्रति रोष जताते हुए सरकार की तरफ से गन्नौर के लिए आई नई दमकल गाड़ी को वापिस गन्नौर के लिए ही भेजने की मांग प्रशासन व सरकार से की है। उनका कहना कि वे गन्नौर विधायक देवेन्द्र कादियान से भी दमकल गाड़ी को वापिस बुलाने की मांग करेंगे। गन्नौर के दमकल विभाग की माने तो जो नई गाड़ी गोहाना में भेजी गई है। वह केमीकल से युक्त थी। जो जल्दी आग पर काबू पा सकती थी लेकिन अब पुरानी गाड़ी रह गई है। वह भी अधिकत्तर खराब रहती है। ऐसे में दमकल सुरक्षा खतरे में चली गई है।




**गन्नौर।** नगरपालिका में खड़ी पुरानी दमकल गाड़ी को ठीक करवाते दमकल अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### एक छोटी व एक पुरानी दमकल गाड़ी

नई दमकल गाड़ी को गोहाना भेजे जाने के बाद अब आगजनी की घटना पर काबू पाने के लिए पुरानी गाड़ी रह गई है। इसके अलावा एक छोटी गाड़ी है जो तंग गलियों में जाकर आगजनी की घटनाओं पर काबू पाती है लेकिन उसके टैंक में पानी बहुत कम आता है। अब जो पुरानी गाड़ी रह गई है उसके टैंक से पानी टपकता रहता है।

### नही माने अधिकारी : शमशेर

गन्नौर के दमकल अधिकारी श्मशेर सैनी ने बताया कि उन्होंने दमकल गाड़ी को गोहाना को देने के लिए मना किया था लेकिन सोनीपत दमकल विभाग ने उन्हें गोहाना में भेज दिया है। पुरानी गाड़ी कई बार खराब रहती है। उसके टैंक से पानी टपकता है।

## खबर संक्षेप



### नाले में गिरा गोवंश, सुरक्षित निकाला

**गन्नौर।** वीरवार को माड्ल संस्कृति स्कूल के गोवंशों की लड़ाई के दौरान एक गौ वंश खुले पड़े नाले में गिर गया। गनीमत रही कि गौ वंश की लड़ाई के दौरान पास में खड़े बिजली के ट्रासफार्मर के पास खुली पड़ी बिजली के फेस से टच होने में बाल बाल बच गया। जिससे हादसा होने से टल गया। गौ वंश के नाले में गिरने के बाद उसकी जान बचाने के लिए आसपास के लोग दौड़े और रस्से की मदद से गौ वंश को करीब 30 मिनट के बाद निकाला।

### गढ़ी झंझारा पर भाइयों पर चाकू से हमला

**गन्नौर।** गांव गढ़ी झंझारा के दो भाइयों पर गांव के ही कुछ युवकों ने हमला कर दिया। जिसमें एक भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ति इंसार ने थाना गन्नौर में दी। शिकायत में इंसार ने बताया कि वह अपने भाई मनोबर के साथ किसी काम से टेलीफोन एक्सचेंज गन्नौर के पास गया था। वहीं बातचीत के दौरान गांव के याकूब, सोनू और छोटू वहां पहुंचे और बेवजह गाली-गलौच करते हुए मारपीट शुरू कर दी। लोगों ने बीच-बचाव भी किया, लेकिन कुछ देर बाद याकूब चाकू लेकर दोबारा लौटा और जान से मारने की धमकी देते हुए मनोबर पर चाकू से कई वार कर दिए। जिससे उसका भाई मनोबर गंभीर रूप से घायल हो गया।

### चिकित्सक के खिलाफ एक और मामला दर्ज

**खरखौदा।** थाना कलां रोड स्थित एक निजी नर्सिंग होम में लिंग जांच के बाद अवैध रूप से गर्भपात कराने के मामले में डा. तमन्ना पर एक और केस दर्ज हुआ है। यह कार्रवाई 12 अप्रैल को सिविल सर्जन रोहतक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर की गई थी। सूचना के अनुसार क्लिनिक में भ्रूण का लिंग परीक्षण कर एमटीपी की जा रही थी। टीम ने मौके पर गिरोह का भंडाफोड़ किया था।

### रेलयात्री की जेब से 25 हजार रुपये चोरी

**सोनीपत।** दिल्ली-पानीपत रेलमार्ग पर रेल में यात्रा के दौरान यात्री की जेब से पचीस हजार रुपये की राशि के चोरी होने का मामला सामने आया है। आदर्श बस्ती मोहम्मदपुर आरके पुरम दिल्ली निवासी दीपक ने बताया कि वह गत 16 अप्रैल को दिल्ली स्टेशन से पानीपत से पश्चिम एक्सप्रेस गाड़ी में सफर कर रहा था। वह गाड़ी सोनीपत रेलवे स्टेशन पर पहुंची। वह सीट से नीचे उतरकर गेट पर खड़ा हो गया। डिब्बे में भीड़ ज्यादा थी। किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसकी जेब से पचीस हजार रुपये की राशि को निकाल लिया। डिब्बे में भीड़ ज्यादा थी। उसके बाद गाड़ी स्टेशन से चल पड़ी।

---

### लगा रहे थे पहली और दूसरी की कक्षाएं

# जिले में छह प्ले स्कूलों को भेजे गए हैं नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ कर रहे बिना मान्यता प्राप्त स्कूलों की जांच की जा रही है। जिले के 89 स्कूलों की जांच के लिये गठित की गई 70 टीमों ने इसी जांच के दौरान जिले में छह ऐसे प्ले स्कूल पकड़े हैं, जोकि नियमों की अनदेखी कर पहली और दूसरी कक्षाएं भी संचालित कर रहे थे। ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित किए जा रहे इन सभी छह प्ले स्कूलों को नोटिस जारी किए गए हैं। नोटिस का जवाब देने के लिए प्ले स्कूलों को तीन दिन का समय दिया गया है। इसके साथ ही इन प्ले स्कूलों में तुरंत प्रभाव से पहली और दूसरी कक्षा लगाने पर पाबंदी लगाई गई है।

बता दें कि जिले में चल रहे निजी स्कूलों व प्ले स्कूलों की मनमानी पर शिक्षा विभाग सख्त है। नियमों की अवहेलना करने वाले स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। बिना मान्यता के चल रहे स्कूलों को पर शिक्षा विभाग की तरफ से सख्ती बरतते हुए इन्हें बंद करवाने की प्रक्रिया तेज कर दी है। जिले में चल रहे 70 कलस्टर में टीमें गठित कर सर्वे करने के निर्देश दिए गए हैं, साथ ही कहा गया है कि जिन स्कूलों के पास मान्यता संबंधी प्रमाण पत्र नहीं मिलता है, उन्हें बंद करवाया जाए। जिले में चिन्हित किए गए 89 स्कूलों के दस्तावेजों की जांच करने की प्रक्रिया तेजी से चल रही है। जिन स्कूलों के पास मान्यता नहीं मिल रही, उन्हें बंद करने के लिए नोटिस चस्पा किए जा रहे हैं।

बिना मान्यता के चल रहे स्कूलों की जांच के दौरान सोनीपत खंड के ग्रामीण क्षेत्र में कुछ प्ले स्कूल ऐसे मिले हैं, जिनमें पहली व दूसरी कक्षाएं संचालित की जा रही थी। जिनके खिलाफ कार्रवाई करते हुए नोटिस जारी किए गए हैं।




> जिले में बिना मान्यता के चल रहे स्कूलों की लगातार की जा रही है जांच
>
> बिना मान्यता के चल रहे स्कूलों की जांच के दौरान कुछ प्ले स्कूल ऐसे मिले हैं, जिनमें पहली व दूसरी कक्षाएं भी संचालित की जा रही थी। इन स्कूलों को बंद करने के लिए नोटिस जारी कर दिए हैं। जिले में बिना मान्यता के चल रहे स्कूलों की लगातार जांच की जा रही है।
>
> -मंजू गर्ग, खंड शिक्षा अधिकारी, सोनीपत

#### यहां मिले प्ले स्कूल

सर्वे के दौरान सीआरसी ककरोई, भटगांव, कुमासपुर व ताजपुर में छह प्ले स्कूल नियमों के विरुद्ध चलते मिले हैं। जिनमें बंद करने के निर्देश दे दिए गए हैं। टीम ने इन प्ले स्कूलों के बाहर नोटिस भी चस्पा किए हैं, जिनमें अभिभावकों को इन स्कूलों में अपने बच्चों का दाखिला नहीं करवाने के लिए कहा गया है। अधिकारियों के अनुसार इन प्ले स्कूलों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

---

## विवि के प्रोफेसर के फ्लैट से लाखों के आभूषण चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

कुंडली थाना क्षेत्र में विवि की प्रोफेसर के फ्लैट से सोने के आभूषण व नकदी के चोरी होने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़िता ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। अंजीरबाग दीप टॉवर मुम्बई हाल में टीडीआई निवासी फरिश्ता अंजीरखाग ने पुलिस को बताया कि वह 13 अप्रैल को यूनिवर्सिटी गई थी। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाली उनकी दोस्त आशा कर उसके फ्लैट का दरवाजा अंदर से बंद होने की बात बताई। जिस पर उसने कहा कि वह तो यूनिवर्सिटी में इसके आशा ने वार्डन को फोन कर जानकारी दी। वार्डन ने दरवाजा खोल कर देखा तो अंदर सामान बिखरा पड़ा था। इसके बाद वह भी मौके पर आई। जांच की तो उनकी 10 तोले सोने की चेन और पर्स गायब मिला। जिसमें एक हजार रुपये थे। आशंका है कि चोर बालकनी के रास्ते अंदर घुसा और चोरी की वारदात को अंजाम दिया। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने सूचना के बाद मौके पर पहुंचकर फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट को बुलाकर साक्ष्य एकत्रित किए। जांच अधिकारी कृष्ण कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

## बच्चों को बताए आग से बचने के तरीके



**सोनीपत।** हैप्पी चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वीरवार को अग्नि सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में अग्निशमन समूह के सदस्यों ने बच्चों को आग से बचाव और सुरक्षा के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उपअग्निशमन अधिकारी बलगानंद मलिक, प्रदीप सैनी और विनोद ढुल ने बच्चों को आग से निपटने के तरीके और आग से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियों के बारे में बताया। विद्यालय की प्रधानाचार्या ने अग्निशमन समूह के सदस्यों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष नरेंद्र बाल्यान, प्रधानाचार्या सुदेश बाल्यान, विद्यालय निदेशक डॉ. तमन्ना निजावन, विद्यालय के अध्यापक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

---

## उल्टा चश्मा



दीपक वर्मा

### सीनियर और जूनियर दोनों की बारी

शहर की सरकार बनने के बाद अब मिशन भगवाकरण शुरू कर दिया गया है। पहले चरण में सीनियर और जूनियर सरकार की बारी है। सुनने में आया है कि दोनों पदों की बलि के चक्कर में बुधवार को बड़े प्रधान ने मीटिंग भी बुलाई थी। मीटिंग में स्पष्ट किया गया है कि येन-केन प्रकरेण दोनों पद अपने हिस्से में करने हैं, बेशक से समय 8 माह का बचा हो या 4 माह का।

### जिला अध्यक्ष हूं- मन्नै क्यों साइड करो

पिछले दिनों साइकिल पर आई यात्रा का सिसाना में स्वागत हुआ। कार्यक्रम में अपनी बिरादरी के लोग जब फोटो ले रहे थे तो नए प्रधान को साइड में होने के लिये बोल दिया। भाई साहब ने भी तुरंत कहा भाई जिला अध्यक्ष हूं। मन्नै क्यों साइड करो हो। इसके बाद भाईसाहब को कहा गया कि जिलाध्यक्ष हो तो सामने आओ, दूर क्यों खड़े हो।

### जल्दी से 11 चिकन भिजवा दो

अपने यहां के पूर्व बड़े अफसर जोकि कैप्सूल वाले साहब के नाम से कुख्यात थे, सेवानिवृत्ति के बावजूद सोनीपत से विशेष लगाव रखे हुए हैं। बुधवार को ही साहब ने एक अधिकारी को फोन पर 11 चिकन भिजवाने का ऑर्डर दे दिया। अधिकारी ने भी तपाक से जवाब दिया कि मुझे कोई नहीं जानता और झटके से फोन काट दिया। चश्मदीद के अनुसार इसके बाद अफसर कुछ बड़बड़ा रहे थे।

### गद्दारों को बिठा लो मैं चलता हूं

कांग्रेस के प्रदेश स्तरीय युवराज पिछले दिनों सोनीपत पहुंचे थे। एक कार्यक्रम में बड़े दिल वाले नेताजी भी बैठे थे। जोकि उपचुनाव में पार्टी के ही कुछ कथित वरिष्ठ नेताओं पर गद्दार होने का तमगा दे चुके थे। अब कार्यक्रम में एक ऐसे ही गद्दार को बैठने के लिये बोल दिया तो नेताजी नाराज हो गए और बोले कि इन गद्दारों को ही बिछा लो, मैं चलता हूं। एक बार तो सन्नाटा पसर गया, लेकिन फिर नेताजी की मान-मनौव्वल की गई।

### बड़े प्रधान की नैय्या लगेगी पार?

पिछले कुछ दिनों से लगातार सवाल उठ रहा है कि क्या बड़े प्रधान की नैय्या पार लग जाएगी? हवेली पर हाजिरी भी थोड़ी कम हो गई है। बड़े प्रधान ने पिछले दिनों नंबर 1 और नंबर 2 से मुलाकात कर बड़ी छलांग लगाई थी, लेकिन पार्टी लाइन में इसे भी डिमैरिट अंक के समान माना जा रहा है। कोई बता रहा था कि सुपर सीएम का भी मोह भंग हो गया है। अब दूसरा टर्म बड़ी चुनौती होगी।

---

## खुद को एनालिसिस करना बेहद जरूरी हमेशा सकारात्मक रहें : अशोक कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई



■ इंटरव्यू स्किल्स एवं इंटरव्यूज को बेहतर तरीके से कैसे क्रैक करने बारे बताया

गुरुवार को स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी ऑफ हरियाणा, राई, सोनीपत में इंटरव्यू स्किल्स एवं इंटरव्यूज को बेहतर तरीके से कैसे क्रैक किया जाए इसको लेकर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विश्विद्यालय के कुलपति अशोक कुमार ने विद्यार्थियों को इंटरव्यू स्किल्स के बारे में बेहतर जानकारियां दी। उन्होंने बताया कि हमें साक्षात्कार की बेसिक तैयारी क्या करनी चाहिए इसको जानना एवं समझना बेहद जरूरी है। हमें इंटरव्यू देने से पहले जॉब की आवश्यक को समझना जरूरी है। इसके साथ ही अपनी वीकनेस एंड स्ट्रेंथ को समझना जरूरी है। कुलपति ने बताया कि इंटरव्यू देने से पहले करंट में क्या चल रहा है उसको जानना एवम समझना उस फील्ड में अपडेट क्या चल रहा है उसको पूरे तरीके से जानना जरूरी है। जिस भी जॉब के लिए जा रहे हैं उसके लिए क्या जरूरी जॉब रोल है उनकी समझ होना जरूरी है। उन्होंने बताया कि आपके अंदर लीडरशिप के गुण होने चाहिए। क्योंकि इंटरव्यू पैनल आपके अंदर कोई ना कोई खूबी देखना चाहता है।

## पहलवानों ने शिमला नेशनल में जीते 9 पदक

■ गुरु हनुमान कुश्ती कबड्डी एकेडमी लड़सौली के पहलवानों ने दिखाया दमखम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर



हिमाचल प्रदेश के शिमला में 12 से 15 अप्रैल तक आयोजित ग्रेपलिंग नेशनल कुश्ती चैंपियनशिप में गुरु हनुमान कुश्ती कबड्डी एकेडमी लड़सौली के पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 9 पदक जीतकर क्षेत्र और रा'य का नाम रोशन किया। इस प्रदर्शन में 3 स्वर्ण, 3 रजत और 3 कांस्य पदक शामिल हैं।स्वर्ण पदक विजेता पहलवानों में अंडर-11 वर्ग के 46 किग्रा भारवर्ग में लड़सौली गांव के विनीत मोर, अंडर-11 30 किग्रा में पिपलीखेड़ा के हर्षित मलिक और अंडर-13 60 किग्रा में लड़सौली के अश्मित मोर शामिल रहे। रजत पदक अंडर-13 42 किग्रा में भिगान गांव के अर्णव त्यागी, अंडर 15 66 किग्रा में समालखा के आटा जुरासी गांव के हैप्पी गाहल्याण और अंडर 17 58 किग्रा में राजपुर के आर्यन राठी ने अपने नाम किए। वहीं कांस्य पदक अंडर 15 66 किग्रा में कासंडी गांव के प्रतीक भनवाला, अंडर-11 38 किग्रा में लड़सौली के हर्षित मोर और अंडर-17 63 किग्रा में कुटुंबर, राजस्थान के हर्षित चौधरी ने जीते। पदक विजेता पहलवानों के एकेडमी पहुंचने पर उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर भारतीय सर्कल कबड्डी के पूर्व कप्तान चांद राम मोर, अंतर्राष्ट्रीय पहलवान रमेश मोर, प्रधान धर्मवीर मोर, भारत केसरी व भीम अवार्डी नवीन मोर व उनके पिता रामकुमार मोर, सरपंच प्रियवृत मोर, देवेंद्र फौजी डाहर, विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने विजेता पहलवानों का लड्डू खिलाकर, फूल माला पहनाकर अभिनंदन किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## कम्यूनिटी भवन में शुरू की स्वास्थ्य सेवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

राई गांव के कम्यूनिटी भवन में सीएचसी बढ़खालसा द्वारा शुरू की गई स्वास्थ्य सेवा कार्य का शुभारम्भ हुआ। जिसकी शुरूआत भाजपा के जिला उपाध्यक्ष एवं निगम पार्षद पुनीत राई व बढ़खालसा सीएचसी की एसएमओ डा. अंविता कौशिक के सहयोग से रिबन काटकर की।

भाजपा जिला उपाध्यक्ष पुनीत राई ने कहा कि अब राई गांव के लोगों के साथ उनके वार्ड के लोगों को पुरी सुविधा गांव में मिलेगी। वे अपना इलाज करवा सकेगें। पुनीत राई ने कहा कि प्रदेश के सभी सिविल अस्पतालों में बेहतर इलाज, आधुनिक मशीनें और अन्य आवश्यक सुविधाएं मुहैया करवाई जाएंगी। इसके अलावा, डॉक्टरों और अन्य स्टाफ की भर्ती प्रक्रिया भी जल्द पूरी की जाएगी ताकि मरीजों को किसी तरह की परेशानी न हो।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाएं बेहरत देने के लिए प्रयासरत है। इस मौके पर डा. चितवन एमओ बढ़खालसा, अनिल कुमार, बलराम, संजय सरोहा, श्रीभगवान, डिम्पल, कुसुम त्यागी, कमलेश, मीना, सतवंती, रीना, गीता, दीपक कौशिक, राकेश त्यागी, प्रवेश शर्मा आदि मौजूद थे।



**राई।** जिला उपाध्यक्ष एवं निगम पार्षद पुनीत राई व बढ़खालसा सीएचसी की एसएमओ डा. अंविता कौशिक शुभारम्भ करते हुए।

## 30 छात्राओं को दिए प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

टीकाराम कन्या महाविद्यालय में राजनीति विभाग द्वारा अंबेडकर जी के जीवन और विचारों के विषय पर सर्टिफिकेट कोर्स शुरू किया गया था, जिसका समापन 15 मार्च को किया गया। कोर्स के समापन पर वीरवार को छात्राओं को सर्टिफिकेट बांटे गए। इस दौरान कॉलेज प्राचार्या गीता ने 30 छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर सीमा, डा. पूमन मौजूद रही।




**सोनीपत।** प्रतिभागी छात्राओं के साथ प्राचार्या एवं अन्य।


हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005



**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028


## रिपोर्ट | भगत फूल सिंह महिला विवि में कार्यक्रम

# 15-16 वर्ष के 5 फीसदी बच्चे नहीं जाते स्कूल में

92 फसीदी घरों में स्मार्टफोन, 77.5 फीसदी बच्चे सोशल मीडिया पर एक्टिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग द्वारा गुरुवार को एक दिवसीय वार्षिक शिक्षा स्थिति रिपोर्ट सर्वे 2024 पर चर्चा और प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रथम संस्था के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम के लिए संयोजन संस्था के प्रतिनिधि संदीप कुमार और वार्षिक शिक्षा स्थिति रिपोर्ट राज्य समन्वयक रितु का रहा। अध्यक्षता समाज कार्य विभाग की अध्यक्ष डॉ. मंजू पवार ने की। संदीप कुमार के अनुसार प्रथम संस्था अंतरराष्ट्रीय स्तर की संस्था है, जो भारत व अन्य कई देशों में कार्य कर रही है। यह संस्थान धारावती मुंबई से 2005 में शुरू हुई।

यह संस्था विभिन्न आयु वर्गों में शिक्षा का स्तर जानने के लिए पूरे देश में सर्वेक्षण करवाता है। सर्वेक्षण के लिए विभिन्न विश्वविद्यालयों से वॉलेंटियर्स इस एकमात्र सर्वे में प्रतिभागिता करते हैं। वार्षिक शिक्षा स्थिति रिपोर्ट 2024 के बारे में उन्होंने बताया कि यह सर्वे हरियाणा के 21 जिलों के 626 गांवों में किया गया। इसमें 3 से 16 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों का सर्वे किया गया। जिसके लिए 1224 घरों से 23725 बच्चों को शामिल किया गया। सर्वे में पाया गया कि 6-14 वर्ष के 46 प्रतिशत बच्चे सरकारी और 5.3 प्रतिशत बच्चे निजी स्कूलों में पढ़ते हैं। 15 से 16 वर्ष के 5 प्रतिशत बच्चे किसी भी शिक्षण संस्था में दाखिल नहीं है। 14 से 18 वर्ष के लगभग 14 प्रतिशत बच्चे दूसरी कक्षा की पाठ्य सामग्री नहीं पढ़ पाए। पाठ्य सामग्री लडक़ों की अपेक्षा लड़कियां ज्यादा अच्छे से पढ़ पाई। मापन व वित्तीय संबंधी प्रश्नों का उत्तर लडक़े ज्यादा अच्छे से दे पाए। उन्होंने बताया कि 92 प्रतिशत बच्चों के घरों में स्मार्टफोन है, जिसका उपयोग बच्चे करते हैं। सबसे ज्यादा लगभग 77.5 प्रतिशत बच्चे फोन में सोशल मीडिया का प्रयोग करते हैं। डॉ. दीपाली ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागी छात्राओं को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए।

**सोशल मीडिया के दुरुपयोग से बचें :** अपने संदेश में कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि सोशल मीडिया का प्रयोग ज्ञान वर्धन के लिए ही किया जाना चाहिए। लेकिन आज बच्चे से लेकर बड़े तक सोशल मीडिया का दुरुपयोग कर रहें है या फिर समय की हानि कर रहें है। हर माता-पिता की जिम्मेवारी बनती है



**गोहाना।** छात्राओं को प्रमाण पत्र देते हुए संस्था के प्रतिनिधि। फोटो : हरिभूमि

## हमला कर घायल करने के मामले में दो आरोपित किए गिरफ्तार



**सोनीपत।** हर थाना सोनीपत पुलिस ने चाकू से हमला कर हत्या प्रयास की वारदात में शामिल दो आरोपितो को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित मनीष उर्फ खन्ना निवासी महलाना व दीपांशु उर्फ पांडू निवासी शहजादपुर हाल में लाल दरवाजा का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। सेक्टर-23 निवासी तेशांत ने 16 मार्च को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि वह दुकान पर सामान लेने के लिए गया था। वहां पर अनुराग व शक्ति, सिद्धू वहां पर खड़े हुए थे। उसके बाद एक लड़का गौरव व अंशुमन, सोहित आए। गौरव ने उनके साथ मिलकर शक्ति के भाई ईशु से मारपीट करना शुरू कर दिया। उसके बाद सभी चले गए। रात करीब आठ बजे आरोपितों ने मिलकर गौरव पर चाकू से हमला कर दिया। वहीं सौरव के हाथ पर बेल्ट, डंडे व चाकू से हमला कर घायल कर दिया। राहगीरों ने हमलावरों से दोनों को छुड़वाया। उसके बाद धमकी देकर फरार हो गए। घायल को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया। पुलिस ने इस संबंध में आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। जांच अधिकारी उप निरीक्षक मनोज की टीम ने वारदात में शामिल एक आरोपित को पहले गिरफ्तार कर लिया था। वारदात में शामिल दो आरोपितों को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपितों को दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान अन्य आरोपितों की संलिप्तता के बारे व अन्य पहलुओं पर पूछताछ की जा रही है।

## खेती किसानी मामले में रंजिश रखते हुए चलाई गोली, केस दर्ज

**खरखौदा।** रोहणा गांव में रंजिशन गोली चलाते हुए जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ति राजेश ने गांव के ही ज्ञान सिंह के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज करवाया है। शिकायतकर्ता आरोपी के भाईयों की जमीन को बटाई पर लेकर खेती करता है, जिसे लेकर ही रंजिश रखने का आरोप लगाया है। राजेश का कहना है कि वह करीब तीन वर्ष से कृष्ण व जयकरण की जमीन को ठेके पर लेकर खेती करता आ रहा है। जिसके कारण जयकरण व कृष्ण का भाई ज्ञान सिंह उससे रंजिश रखे हुए है। ऐसे में आरोपी इससे पहले भी कई बार उसे धमकी दे चुका था, लेकिन उसने इस पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया। जिस पर बुधवार को जब वह खेत में गेहूं की फसल की कटाई कर रहा था तो ज्ञान सिंह अपनी कार लेकर पड़ोसी किसान के खेत में पहुंचा और हाथ में ली हुई पिस्टल से उस पर गोली चला दी। सौभाग्य से वह बच गया।


PARAS CA
INSTITUTE OF COMMERCE PVT. LTD.
Paras CA Foundation RESULT 80% to 90%
PIONEER INSTITUTE FOR CA COACHING SINCE 1995
Admission OPEN FOR CA Foundation Sept. 25
350 DRISHTI
344 MANAN
339 DARSHIL
Batches Start 21st April 25
Book your seat now
Near City Mall, Sonipat
Call : 9149112716
7015755714